सार-समाचार

## वन विहार कार्यक्रम का आयोजन




**रावतभाटा,** (निसं)। सेवा भारती द्वारा देव दर्शन वन विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रावतभाटा के सभी प्रकल्पों के विद्यार्थियों को रविवार को शिव मंदिर बडोलिया के देव दर्शन वन विहार का कार्यक्रम के निम्मित मन्दिर का भ्रमण कराया गया। जिसमें प्रकल्पों के करीब 150 विद्यार्थियों ने मन्दिर दर्शन कर पूजा अर्चना व आरती की। जिसके बाद खेल प्रभारी अंजू कंवर, प्रियंका डाबोडिया, प्रियंका मेघवाल ने विभिन्न प्रकार के खेल खिलाये। साथ ही देशभक्ति गीतों पर अंताक्षरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजन प्रभारी प्रकल्प शिक्षिका टीना कँवर, रेणु त्यागी, अंजू कँवर, निकिता नायक ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। तहसील उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गोड़ ने विद्यार्थियों को बडोलिया मन्दिर के इतिहास के बारे में जानकारी दी। शाम 3 बजे बाल संस्कार केन्द्र सिलाई केन्द्र महेंदी केन्द्र के विद्यार्थियों ने मिलकर बडोलिया मन्दिर से श्री महापालेश्वर मन्दिर कोटा रोड़ तक भव्य विशाल कांवड यात्रा निकाली। जिसमे सभी भोलेनाथ के भजनों पर झूमते हुए जयकारे लगाते हुए मन्दिर प्रांगण पहुँचे। कांवड़ यात्रा का रास्ते मे पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी से जगह जगह स्वागत किया गया। कांवड़ लेकर आये कांवडियों का अभिनंदन सेवा भारती के कार्यकर्त्ताओ ने तिलक लगाकर आरती कर के किया। कांवड़ियों एवं उनके अभिभावकों ने भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया। जिसके बाद महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में गोष्ठी आयोजित

**बून्दी** (निसं)। प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की विकसित 109 जैव संवर्धित एवं जलवायु अनुकूल किस्मों के विमोचन के मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष प्रो. हरीश वर्मा ने बताया कि देश के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा तैयार विकसित 109 जैव संवर्धित एवं जलवायु अनुकूल किस्मों का विमोचन प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है। इन किस्मों में अनाज की 22, दालों की 11, तिलहन की 7, चारा फसलों की 7, चीनी फसलों की 4, रेशेदार फसलों की 6, अन्य फसलों की 11 कुल 69 किस्मों सहित बागवानी फसलों की 40 किस्मों सम्मिलित हैं, जिन्हें देश के किसानों को समर्पित किया गया हैं। गोष्ठी के दौरान केन्द्र परिसर पर विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर गाजर घास से होने वाले नुकसान की जानकारी देने के साथ ही अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने की सलाह दी। डॉ. घनश्याम मीणा, सह आचार्य पशुपालन ने पशुओं से प्राप्त गोबर से वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट बनाने की तकनीकी जानकारी रेड्डी विद्यार्थियों एवं कृषकों को देने के साथ इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। साथ विद्यार्थियों को कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका "अभिनव कृषि" वितरित की गई। गोष्ठी के दौरान विकास ताखर, लोकेश प्रजापति एवं रामप्रसाद सहित 42 प्रगतिशील कृषक, कृषक महिलाओं एवं रेड्डी कार्यक्रम के तहत आये हुये विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## शोभायात्रा को लेकर बैठक का आयोजन

**रावतभाटा,** (निसं)। मारुति मानस मंडल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी की शोभायात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। मारुति मानस मंडल के प्रवक्ता विजय अरोड़ा ने बताया कि 55 कीलोमीटर दुर श्री तिलस्वा महादेव मंदिर से 300 से ज्यादा कावड यात्री नंगे पांव चलकर रविवार को रावतभाटा पहूचेंगे। महाराणा प्रताप कॉलेज से नगर में भव्य शोभायात्रा के रूप में कावड यात्रियों को लाया जाएगा व कोटा बेरियर स्थित श्री गणपति ज्ञान गणेश मंदिर में कावड़ियों द्वारा जल अभिषेक किया जाएगा। कावड यात्रा संरक्षक दिनेश सेन ने बताया कि शोभायात्रा में बेंगू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश धाकड मौजूद रहेंगे। शोभायात्रा को भव्य रूप देने के लिए मारुति मानस मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई। बैठक में मारुति मानस मंडल के मुख्य संरक्षक कमल अरोडा, संरक्षक दिनेश सेन, मंडल अध्यक्ष श्याम गुलाटी, कावड़ यात्रा अध्यक्ष दिलीप मीणा, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार वाधवा, संजय तिवारी, विजय अरोड़ा, कावड़ यात्रा संरक्षक लाल देराश्री, दिनेश रेठूदीया, पंकज परमार, हरीश राठौर, संजय रेठूदीया, बालकिशन गुलाटी, हर्ष जैन, अरुण राठौर, सहित मारूति मानस मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विशाल कावड़ यात्रा का स्वागत

**अंता** (निंस)। सावन मास में 21वीं विशाल कांवड यात्रा रविवार को नागेश्वर महादेव धाम नागदा से नर्बदेश्वर महादेव मंदिर धानमंडी स्टेशन रोड तक निकाली गई। इस कांवड़ यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुषों तथा बच्चों ने भग लिया। नागदा से लेकर अंता स्टेशन तक आधा दर्जन स्वागत द्वार लगायें गये। तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कांवड़ यात्रा आयोजन समिति अंता ने बताया कि कांवड़ यात्रा नर्बदेश्वर महादेव मंदिर धानमंडी में शिव भक्तों ने अभिषेक किया और यहां प्रसादी का आयोजन किया गया। कस्बे में नगरपालिका अंता श्रीसंकटमोचन हनुमान सेवा समिति श्री राम नगर अजीतपुरा बालाजी समिति रामकिशन प्रजापति सहित भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कांवड़ यात्रियों का स्वागत कर अल्पाहार कराया गया। आयोजन समिति द्वारा कांवड़ यात्रा में शामिल सभी भक्तों का स्वागत एवं पुष्प वर्षा कर उत्साह वर्धन करने वाले, पुलिस और प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

## महाकाल बाबा की सवारी आज निकलेगी

**अंता** (निसं)। अन्ता नगर में पहली बार उज्जैन में निकलने वाली महाकाल बाबा की सवारी की तर्ज पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। महाकाल बाबा की शाही सवारी सोमवार को दोपहर 3 बजे पोस्ट ऑफिस बालाजी की बगीची से शुरू होगी, जो सीसवाली तिराहे, अस्पताल रोड, शिवाजी चौक, मैन मार्केट, सदर नाका होते हुए सीएडी सर्किल से वापस अपने गंतव्य स्थल पर सम्पन्न होगी। इसके पश्चात भव्य आतिशबाजी के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। सवारी के साथ बड़ी संख्या में युवा वर्ग व महिलाएं-पुरुष शामिल रहेंगे। इस निमित्त विभिन्न समितियां बनाकर युवाओं को जिम्मेदारियां प्रदान की गयी।

## वधवा बूंदी आई.टी. संगठन के निर्विरोध अध्यक्ष बने

**बून्दी** (निसं)। अभिषेक वधवा को एक बार फिर बूंदी आईटी संगठन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। रविवार को शहर के निजी रिसोर्ट पर आयोजित बूंदी आईटी संगठन की बैठक में सर्व समिति से गायत्री एजुकेशन के अभिषेक वधवा को अध्यक्ष चुना गया। समिति के संरक्षक राकेश योगी ने बताया कि आईटी संगठनात्मक व गुणात्मक योजना देते हुए आईटी एजुकेशन के बारे में जानकारी दी। बैठक में कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र पाहुजा, यासीन कुरेशी ने सभी आईटी केंद्र को साथ लेकर चलने की बात कही। बैठक में समिति के सचिव आशीष नुवाल, अनिल कुशवाहा, लोकेश बैरवा, बुद्धि प्रकाश वर्मा, मनीष वर्मा पंकज गौतम, भवर सिंह सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## तिरंगा सेल्फी कार्यक्रम आयोजित

**अंता** (निसं)। अंता में सीसवाली तिराहे पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, तहसीलदार सुरेंद्र सिंह गुर्जर, विकास अधिकारी राधेश्याम भील, नगर पालिका पंचायत समिति एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरभि खंडेलवाल अध्यापिका द्वारा किया गया।

# आमजन की सहभागिता से हर घर में फहराएं तिरंगा : जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा

**बूंदी** (निसं)। 'हर घर तिरंगा अभियान' के संबंध में रविवार को आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में हर घर, प्रतिष्ठान और राजकीय कार्यालयों में तिरंगा फहराया जाए। स्वतंत्रता दिवस को उत्सव की तरह आयोजित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के तहत जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद, एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा, नगरपरिषद आयुक्त अरुणेश शर्मा ,जिला खेल अधिकारी वाई बी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र व्यास सहित अन्य मौजूद रहे।

**हर घर दफ्तर गली नुक्कड़ पर लहराए तिरंगा:-** उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप हर घर, हर सरकारी दफ्तर, हर गली, हर नुक्कड तक तिरंगा अपनी शान में लहराए, इसके लिए सम्बंधित अधिकारी झंडों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें।



बूंदी में 'हर घर तिरंगा' अभियान के संबंध में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने आयोजित बैठक ली।

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों में विधार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा सोशल मीडिया पर तिरंगा सेल्फी के लिए भी आमजन और युवाओं को जागरूक किया जाए। उन्होंने अभियान से ज्यादा से ज्यादा आमजन को जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि फ़ोटो और वीडियो हर घर तिरंगा वेबसाईट पर फोटो अपलोड की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक लेकर ब्लॉक और ग्राम स्तर तक आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित की जाए।

**12 से 15 अगस्त तक लगेगा तिरंगा मेला:-** गोदारा ने कहा कि अभियान के तहत 12 से 15 अगस्त तक खेल संकुल में तिरंगा मेला लगाया जाएगा। इसमें बूंदी एवं अन्य जिले की राजीविका अंतर्गत स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की स्टाल्स लगाई जाए, साथ सेल्फी पॉइंट भी हो। साथ ही स्टार्स पर आमजन को देने के लिए तिरंगा, पौधा भी उपलब्ध कराया जाए।

**12 अगस्त को तिरंगा रैली से होगा अभियान का शुभारंभ:-** उन्होंने कहा कि 12 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत होगी। इसके तहत सोमवार को हायर सैकेण्डरी स्कूल परिसर से सुबह 9 बजे छात्र-छात्राओं की तिरंगा रैली निकाली जाएगी। इसके अलावा उपखंड एवं पंचायत स्तर पर तिरंगा यात्रा रैली निकाली जाएगी। उन्होंने जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को सुबह 8 बजे तिरंगा मैराथन का शुभारंभ खेल संकुल से लंका गेट, रानी जी की बावडी, नागर सागर कुंड, एक खंभे की छतरी, सर्किट हाउस होते हुए किया जाएगा। इसके बाद पुलिस जवानों द्वारा मोटरसाइकिल, दिव्यांगों की ट्राईसाईकिल रैली विभिन्न वाहन मय तिरंगा यात्रा निकाली जाए। साथ ही इस दौरान तिरंगा प्रतिज्ञा भी ली जाए।

■ हर घर तिरंगा अभियान की बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए

उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के तहत जिला कलेक्ट्रेट परिसर एवं जिला परिषद कार्यालय, पंचायत स्तर ग्राम स्तर कार्यक्रमों में 13 अगस्त को तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाए। साथ ही चिकित्सालयों में भी तिरंगा कैनवास स्थापित किया जाए। साथ ही अभियान के सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठन, सामाजिक संगठनों की सहभागिता हो। समस्त विभाग निर्धारित कार्य योजना के अनुसार आमजन की सहभागिता से समस्त गतिविधियां करते हुए उत्सव का माहौल बनाएं ताकि आमजन में गर्व की भावना का संचार हो।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का विरोध, ज्ञापन भेजा

**छबड़ा** (निसं)। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों और मंदिरों में तोड़फोड़ के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित कर आक्रोश जताया हैं।

भाजपा नगर अध्यक्ष सीपी गेरा के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम प्रेशित किए ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश में छात्रों के आंदोलन के दौरान सुनियोजित तरीके से हिंसा फैलाई जा रही है। इसमें हिंदुओं को निशाना बनाकर मंदिरों को नष्ट किया जा रहा है। हिंदुओं को मारा जा रहा है। उनके घरों और दुकानों को लूटकर आगजनी की जा रही है। हिंदू महिलाओं से अभद्रता कर उनका अपहरण कर उनकी हत्या की जा रही है। निरंतर अंतराल पर होने वाले ऐसे दंगों व जेहादी उत्पीडन का ही परिणाम है कि बांग्लादेश में हिंदू जनसंख्या विभाजन के समय 28 प्रतिषत थी, जो अब घटकर मात्र 8 प्रतिषत से भी कम रह गई है। मानवता के लिए भी यह स्थिति अत्यंत चिंतनीय है। ज्ञापन के जरिए मांग की है कि विश्व समुदाय की यह जिम्मेदारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्यवाही करे। इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने के निर्देश केंद्र सरकार को निर्देश प्रदान करें।

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का फूल माली समाज ने स्वागत किया

**झालावाड़** (निसं)। नर्बदेश्वर महादेव मंदिर पर फूल माली समाज झालावाड़ पर बिरधी लाल जी सुमन गोलाना वालों का माली सैनी महासभा राजस्थान द्वारा झालावाड़ के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किये जाने पर सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया जिसमें फूल माली समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा जिला अध्यक्ष बिरधीलाल सुमन को चंदन रोली का तिलक लगाकर साफा बंधवाया।

माला पहनकर स्वागत सम्मान किया गया जिसमें अन्य दिगर समाज बंधुओ ने भी माला पहनाकर उनका स्वागत और सम्मान किया तथा सभी समाज बन्धुओ ने जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अनिल सुमन ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित फूल माली समाज के अध्यक्ष शिवानंद बारवाल, उपाध्यक्ष रमेश चंद सुमन, कैशियर मोहनलाल मंडावरा, मोहनलाल मंडोरा, घनश्याम चौहान, रामलाल रावल, हरगोपाल भाटी, कैलाशचंद पुष्पक, नवयुवक मंडल से अध्यक्ष रामेश्वर उनियारा, ओमप्रकाश सुईवाल, हंसराज सुमन, राजकुमार, हरीश सुमन, नरेश सुमन, हीरालाल सुमन, जगदीश सुमन, दिनेश सुमन, अन्य समाज बंधु अच्छी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैलाशचंद पुष्पक, शिवानंद बारवाल और हरगोपाल भाटी, रामलाल रावल ने समाज की एकता विकास पर अपने विचार व्यक्त किये और सभी ने बिरधीलाल को शुभकामनाएं दी। बिरधीलाल सुमन द्वारा उद्बोधन में कहा कि मैं समाज के लिए हर समय उपस्थित रहूंगा व समाज के विकास और एकता के लिए कार्य करूंगा।

कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी को अल्पाहार दिया गया व ओम प्रकाश सुईवाल ने उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# साइबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**बून्दी** (निसं)। बूंदी की साइबर थाना पुलिस ने रुपए दो गुना करने के नाम से ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले ही मास्टरमाइंड को जयपुर प्रताप नगर से गिरफ्तार कर चुकी है। पहले गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। ऐसे में पुलिस को साइबर ठगी करने वालों के बड़े नेटवर्क के खुलासे की आशंका है।

बूंदी एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि 5 अगस्त को इंदरगढ़ थाने में साइबर ठगी का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले की जांच के दौरान सामने आया था कि कुछ शातिर लोग सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर रकम दोगुना करने का झांसा देकर लोगों को फंसा लेते हैं। ग्रुप में आईडी बनाकर रकम इन्वेस्ट करवा लेते हैं और रकम को हड़प लेते है। काफी दिनों बाद पीड़ित को ठगी का पता लगता है।

■ एक आरोपी पूर्व में गिरफ्तार हो चुका है



साइबर थाना पुलिस ने रुपए दो गुना करने के नाम से ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

इसी तरह की ठगी तेलंगाना के एक शख्स के साथ हुई थी। पुलिस ने जांच के दौरान इस तरह की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड को जयपुर प्रतापनगर से गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद दो और ठगों के नाम सामने आए। इनमे बनवारी लाल मीणा निवासी सवाई माधोपुर और सेवा राम जाट निवासी ओरियापाडा जिला करौली को रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मामले में गैंग के और आरोपियों के नाम सामने आने की संभावना है।



छबड़ा कस्बे के ग्रीन पार्क कॉलोनी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में भव्य कलश यात्रा के साथ रविवार से शिव महापुराण कथा की कथा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में भक्तों ने केसरिया पीले रंग के कपड़े पहने और जगह-जगह भक्तों ने शिवमहापुराण की पूजा अर्चना की गई। कथावाचक पंडित रमेश भार्गव ने गणपति वंदना कर शिवकथा प्रसंग के साथ शिव पुराण की कथा का शुभारंभ किया। रविवार की कथा का पूजन ओमप्रकाश शर्मा पचपाड़ा द्वारा किया गया।

## मंडी परिसर में सैकड़ों पेड़ लगाये

**बून्दी** (निसं)। रविवार को प्रकृति संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु 'वननेस वन' परियोजना के तहत संत निरंकारी मिशन ने कुवांरती स्थित कृषि उपज मंडी में सैकड़ों छायादार व फलदार पेड लगाए गए।

संत निरंकारी मिशन के इस मेगा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के मार्गदर्शन में सवाई माधोपुर के संत सत्यनारायण एवं स्थानीय संयोजक गुरमुख दास चांदवानी द्वारा वृक्षारोपण कर शुरुआत की। इस अकभयान को संत निरंकारी मण्डल का हरित विश्व की ओर एक सार्थक कदम बताते हुए संत सत्यनारायण ने कहा कि कोरोना काल के बाद से इस कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष में लगभग डेढ़ लाख के करीब वृक्ष रोपित किये गये हैं।

सार-समाचार

## समारोह की तैयारियों का जायजा लिया



**बूंदी** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह की तैयारियों का रविवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा और पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समारोह आयोजन की सभी तैयारियां व्यवस्थित हो। समारोह स्थल पर साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि समारोह में सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को किसी तरह की परेशानी नहीं आए। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं रखी जावे। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा नगर परिषद कार्यवाहक आयुक्त अरुण शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अभियंता राहुल मोदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध वसूली किए जाने का मामला दर्ज

**छबड़ा** (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र में थर्मल प्लांट से राख परिवहन करने वाले बल्गर चालको के साथ रायल्टी के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने ट्रक चालक की रिपोर्ट पर चार युवको के विरूद्ध डरा धमकाकर अवैध वसूली किए जाने मामला दर्ज कर तीन युवको को डिटेन कर लिया हैं। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम जाट के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के धींगराडी निवासी हरिओम षर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि मैं अतुल षर्मा का ट्रक चलाता हूं। 9 अगस्त की रात को राख लेकर हम पांच ट्रक व बल्गर चालक जा रह थे। बांके बिहारी चौराहे पर चौकी निवासी जितेंद्र उर्फ जंतु यादव, अरविंद मीणा, राजकुमार यादव व प्रमोद लुहार ने जीप ट्रको के आगे लगाई और प्रत्येक ट्रक चालक से 100-100 रूपए दिए जाने की मांग की। विरोध करने पर इन लोगो ने ट्रको के कांच आदि तोड़ दिए। इन युवको ने गाली-गलौच कर धमकी दी अगर प्लांट से राख ले जाना हैं तो प्रति चक्कर 100-100 रूपए देने होगें। पुलिस ने बीएनएस की धाराओ मामला दर्ज कर जितेंद्र, अरविंद एव प्रमोद को डिटेन कर लिया हैं।

## मृतक की शिनाख्त हुई

**छबड़ा** (निसं)। मोतीपुरा रेलवे स्टेशन के निकट टॉवर के पास शनिवार को एक युवक की मालगाडी की चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी। जिसकी शिनाख्ती होने पर षव का पोस्टमार्टम करवाकर षव परिजनों को सौंप दिया हैं। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि मोतीपुरा रेलवे स्टेशन के निकट रूठियाई की तरफ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से शाम 4-5 बजे के मध्य एक युवक की मृत्यु हो गई थी। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्ती के प्रयास प्रारंभ कर दिए थे। जिसकी षिनाख्ती हरिषंकर पांचाल (21) पुत्र गोगराज निवासी गोगन्या थाना कवाई के रूप में हुई। पुलिस ने मृग दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी हैं।

## रंजिशवश दवा डालकर फसल नष्ट की

**छबड़ा** (निसं)। क्षेत्र के गोडियाचारण गांव में जमीन विवाद के चलते किसान के खेत में दवा डालकर पांच बीघा भूमि की मक्का की फसल नष्ट कर दी। पुलिस ने कृशक की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी हैं। पुलिस सूत्रो के गोडियाचारण निवासी श्रीकिषन मीणा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि रामकल्याण, रामलखन, अमरसिंह व इनकी पत्नियों ने खेत पर कब्जा करने की नियत से झगडा किया और हमारे द्वारा बुवाई की गई पांच बीघा की मक्का की फसल को दवा डालकर उसे नष्ट कर दिया।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा वाहन रैली निकाली

**झालावाड़** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत रविवार को जिले में ब्लॉक स्तर पर तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया।

"हर घर तिरंगा" अभियान के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा ने बताया कि "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत लोगों में देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ घर-घर में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में आयोजित की जा रही गतिविधियों के अन्तर्गत रविवार को तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि समस्त ब्लॉक स्तर पर आयोजित की गई तिरंगा वाहन रैली में नगर पालिका, उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के कार्मिकों सहित अन्य राजकीय कार्मिकों एवं आमजन ने भाग लिया। इस दौरान दुपहिया वाहनों, कारों, टैम्पो, जेसीबी, ट्रेक्टर आदि वाहनों पर तिरंगा लहराते हुए लोग रैली में देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। उन्होंने बताया कि नगर पालिका भवानीमण्डी में भी तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली उपखण्ड अधिकारी कार्यालय चौराहे से बायपास होते हुए बस स्टेण्ड, पंचायत समिति, गर्ल्स स्कूल चौराहा, बालाजी चौराहा, स्टेशन चौराहा, बारह दुकान चौराहा होते हुए नगर पालिका कार्यालय पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, एवं सफाई कर्मचारी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर राजकीय कार्मिकों एवं सफाई कर्मियों सहित आमजन तथा मनरेगा कार्यस्थलों पर श्रमिकों को हर घर तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई गई। "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत सोमवार, 12 अगस्त को प्रातः 7 बजे राजकीय विजयराजे सिंधिया खेल संकुल से मिनी सचिवालय तक तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही राजकीय विद्यालयों में तिरंगा कैनवास (चित्रकला) प्रतियोगिता, तिरंगा हस्ताक्षर अभियान, तिरंगा प्रतिज्ञा, नशा मुक्ति अभियान, तिरंगा रैली तथा तिरंगा सैल्फी जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।



जिले में ब्लॉक स्तर पर तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया।